एसबीआइ क्रेडिट कार्ड वसूलेगा प्रोसेसिंग फीस

एसबीआइ क्रेडिट कार्ड से अब इएमआइ पर खरीद महंगी हो जायेगी. कंपनी ने पहली दिसंबर से सभी इएमआइ खरीद पर 99 रुपये प्लस टैक्स की प्रोसेसिंग फीस वसूलेगी. मर्चेंट आउटलेट्स, इ-कॉमर्स वेबसाइट और ऐप पर किये गये सभी इएमआइ खरीद लेनदेन के लिए प्रोसेसिंग शुल्क लगाया जायेगा.

प्रभात खबर
रांची, बुधवार
17.11.2021

जोखिम भरी है क्रिप्टोकरेंसी की नयी दुनिया

फाइनेंसियल वर्ल्ड में क्रिप्टोकरेंसी की चर्चा जोर-शोर से चल रही है. देश में पिछले कुछ वर्षों से क्रिप्टोकरेंसी को लेकर निवेशकों में काफी उत्साह भी है. इसका मुख्य कारण यह है कि इसमें जोखिम रहने के बावजूद तेजी से रिटर्न मिलता है. वहीं हजारों निवेशकों को नुकसान भी झेलना पड़ा है. इसको देखते हुए देश में संसदीय समिति ने इसको बैन करने के बजाय रेगुलेट करने पर जोर दिया है. इसको लेकर एक विधेयक भी लाने की तैयारी हो रही है. क्रिप्टोकरेंसी को लेकर लोगों के मन में उलझन बनी हुई है कि इसमें निवेश करना चाहिए या नहीं और आखिर यह क्या है और इसमें ट्रेड कैसे होता है, इसी पर केंद्रित है आज का **कल्पवृक्ष**.

निवेश के लिए सही प्लेटफॉर्म जरूरी

क्रिप्टोकरेंसी में निवेश करने के लिए सही प्लेटफॉर्म का चुनाव करना सबसे महत्वपूर्ण होता है. सही प्लेटफॉर्म का चुनाव नहीं करने पर ट्रेडिंग करते वक्त ज्यादा फीस देनी पड़ सकती है. दुनिया में ऐसे कई प्लेटफॉर्म हैं. यहां कारोबार कभी नहीं रुकता. इसमें कभी भी किसी भी समय निवेश कर सकते हैं या निकाल सकते हैं. भारत में अभी के समय में सबसे पोपुलर प्लेटफॉर्म - वजीरएक्स है. इसे क्रिप्टोकरेंसी का एक्सचेंज के रूप में भी जाना जाता है. इसके अलावा देश में कॉइनस्विच, कुबेर, कॉइन्डिसिएक्स, जेबपे भी उपलब्ध हैं जिनके जरीये क्रिप्टो में कारोबार हो सकता है.

पूरी दुनिया के लोगों या किसी भी संस्था को अपनी आधारभूत जरूरतों को सही तरीके से पूरा करने के लिए और किसी से भी आपसी लेनदेन करने के लिए करेंसी यानी मुद्रा की जरूरत होती है. हर देश की मुद्रा अलग-अलग नाम से जानी जाती है, जैसे भारत में रुपया, अमेरिका में डॉलर, यूरोपीय देशों में यूरो, सउदी अरब में रियाल, जापान में येन आदि. उसी तरह क्रिप्टोकरेंसी भी एक तरह की मुद्रा है, लेकिन यह बाकी सभी मुद्राओं से बिलकुल अलग है. यह एक ऐसी मुद्रा है जिसे आप देख या छू नहीं सकते हैं. यानी यह एक डिजिटल करेंसी (डिजिटल मुद्रा) है. इसे आप अपने पर्स या पॉकेट में नहीं रख सकते बल्कि अपने पास डिजिटल स्वरूप में रख सकते हैं, वह भी ऑनलाइन. इसका मुद्रण नहीं किया जाता है. यह कंप्यूटर एल्गोरिद्म पर बनी होती है. इसका कोई रेगुलेटर नहीं होता यानी इसको कोई कंट्रोल नहीं करता है. यह दुनिया के किसी भी सरकार के नियंत्रण में नहीं रहता है. लेकिन अपने देश में अब इसको रेगुलेट करने पर चर्चा हो रही है. एक बात और, इसका इस्तेमाल अन्य करेंसी की तरह वस्तुओ और सर्विसेज को खरीदने के लिए किया जा सकता है, सिर्फ ऑनलाइन तरीके से. इसकी शुरुआत सबसे पहले 2009 में हुई जब पहली क्रिप्टोकरेंसी बिटकॉइन आया. अभी पूरी दुनिया में हजारों क्रिप्टोकरेंसी हैं जिनमें कारोबार हो रहा है. बिटकॉइन, इथेरियम, टेथर, कारडेनो, बिनान्स कॉइन, पोलका डॉट जैसी कई क्रिप्टोकरेंसीयां हैं जहां भारतीय अपना पैसा लगा रहे हैं.

अगर आप क्रिप्टोकरेंसी में ट्रेड करना चाहते हैं, तो पहले कुछ जांची-परखी गयी क्रिप्टोकरेंसी को समझें और फिर तय करें कि आपको कहां ट्रेड करना है. ऐसे कुछ प्रमुख क्रिप्टोकरेंसी के बारे में जानें...

बिटकॉइन : यह दुनिया की सबसे मशहूर क्रिप्टोकरेंसी है. इसे सबसे पहले 2009 में संतोषी नाकामोटो के नाम से, किसी व्यक्ति या समूह द्वारा बनाया गया था. यह एक ब्लॉकचेन पर चलता है. किसी ब्रोकर के बिना रीयल-टाइम में ट्रांजेक्शन को वेरिफाई करता है. किसी भी टाइप की हैकिंग से पूरी तरह सुरक्षित है.

इथेरियम : यह दूसरा लोकप्रिय क्रिप्टोकरेंसी है. यह एक ब्लॉकचेन नेटवर्क है जिसका मूल टोकन इथर या इटीएच है. यह भी ओपन सोर्स, डीसेंट्रलाइज्ड ब्लॉकचेन आधारित कंप्यूटिंग प्लेटफॉर्म है. यह अपने यूजर्स को डिजिटल टोकन बनाने में मदद करता है जिसकी मदद से इसे करेंसी के तौर पर इस्तेमाल किया जा सकता है.

बिनान्स कॉइन : यह तीसरी सबसे लोकप्रिय क्रिप्टोकरेंसी है. इसका इस्तेमाल ट्रेडिंग, पेमेंट प्रोसेसिंग या ट्रैवल बुकिंग के लिए भी किया जा सकता है. साथ ही, क्रिप्टोकरेंसी के अन्य रूपों जैसे कि इथेरियम या बिटकॉइन के लिए भी इसे ट्रेड या एक्सचेंज किया जा सकता है. इसकी कीमत अभी 650 डॉलर से अधिक चल रही है.

कारडानो : यह एक नयी क्रिप्टोकरेंसी है, लेकिन इसने आते ही धूम मचा दी और इस समय सबसे ज्यादा चर्चित क्रिप्टोकरेंसी बन गया है. बड़ी क्रिप्टोकरेंसी की तुलना में कम लागत पर ट्रांजेक्शन को वैलिडेट करने के लिए, इसे नये व भरोसेमंद प्रूफ-ऑफ-स्टेक मेथड के लिए जाना जाता है.

टेथर : टेथर एक अलग तरह की क्रिप्टोकरेंसी है. इसे स्टेबल कॉइन कहा जाता है. यह अमेरिकी डॉलर जैसी फिएट करेंसी द्वारा समर्थित है, जो इसे की तुलना में अधिक स्थिर और भरोसेमंद बनाती है. इसका मार्केट कैप 73 बिलियन डॉलर के करीब है.

अन्य क्रिप्टोकरेंसी : एक्सआरपी, डोजेकॉइन, पोल्काडॉट, यूएसडी कॉइन, सोलाना.

निवेश से पहले इन बातों का रखें ध्यान

क्रिप्टोकरेंसी के अपने फायदे और नुकसान हैं. इन पर देश की मुद्रास्फीति का कोई असर नहीं पड़ता है. इसके कई डार्क पहलू भी हैं. इसलिए इसमें निवेश से पहले इन बातों का ध्यान रखना जरूरी है.

1. **क्रिप्टोकरेंसी का कोई कानूनी पक्ष नहीं है** : क्रिप्टोकरेंसी में किया गया निवेश किसी भी तरह के कानूनी पहलू का हिस्सा नहीं होता है. भविष्य में कुछ गलत होता है, तो आप कोई क्लेम नहीं कर सकते हैं.
2. **उतार-चढ़ाव से भरा है बाजार**: क्रिप्टोकरेंसी निवेश बाजार जोखिमों के आधीन हैं. रोजाना काफी उतार-चढ़ाव होते हैं. ऐसे में इनमें मुनाफा और घाटा काफी तेजी से होता है.
3. **क्रिप्टो व्हेल** : सबसे बड़ी समस्या क्रिप्टो व्हेल है यानी वे निवेशक जो बड़ी मात्रा में अपने पैसे डंप करते हैं और उतार-चढ़ाव को प्रभावित करते हैं. इससे छोटे और मध्यम दर्जे के निवेशकों को घाटा होता है.

जोखिम है, पर बेहतर रिटर्न पाने का मौका भी

रोहित त्रिपाठी,
क्रिप्टो के विशेष जानकार

क्रिप्टोकरेंसी बिलकुल एक नयी दुनिया है. अर्थव्यवस्था में या यूं कहें कि बैंकिंग, निवेश, आय-व्यय आदि हर जगह इसका प्रभाव पड़ने वाला है. यह ब्लॉकचेन टेक्नोलॉजी पर आधारित है, जो बिलकुल नयी है. यह अभी शुरुआती दौर में है, इसलिए इसको लेकर बहुत सारे भ्रम हैं. लेकिन सबसे अच्छी बात है कि इसमें जोखिम के साथ बेहतर रिटर्न पाने का बहुत ही अच्छा अवसर है. इससे लोगों की आय बढ़ेगी. और आय बढ़ेगी तो लोग खर्च भी करेंगे. इससे सरकार का इनडायरेक्ट टैक्स कलेक्शन भी बढ़ेगा. अपने देश में सुप्रीम कोर्ट ने भी इस पर पाबंदी लगाने से इनकार कर दिया है.

पैसिव फंड : कम रिस्क के साथ देता है बेहतर रिटर्न

म्यूचुअल फंड की कई श्रेणियां होतीं हैं. उसी में एक ऐसी श्रेणी भी है जिसमें निवेश करते हुए शेयर बाजार के इंडेक्स जैसे निफ्टी, सेंसेक्स की तरह ही इंडेक्स का लाभ लिया जा सकता है. यानी इसमें फंड मैनेजर की भूमिका नहीं के बराबर होती है, लेकिन लाभ मार्केट इंडेक्स की तरह मिलता है. इसका मतलब एक ऐसा फंड जिसमें निवेश करने के बाद सक्रिय न रहते हुए भी बेहतर रिटर्न पाने का अवसर मिलता है. इसे पैसिव फंड के रूप में जाना जाता है.

एक आम निवेशक हर निवेश के लिए निवेश सलाहकार के पास जाना पसंद नहीं करता. वह उनकी मदद के बिना म्यूचुअल फंड में पैसा लगाना चाहते हैं. ऐसे निवेशकों के लिए कई फंड हाउस बड़ी संख्या में पैसिव फंड लॉन्च कर रहे हैं. पैसिव फंड म्यूचुअल फंड का ही एक प्रकार है. इसमें एक ऐसे पोर्टफोलियो में निवेश किया जाता है, जो निफ्टी और सेंसेक्स आदि जैसे मार्केट इंडेक्स में निवेश करता है और इंडेक्स के लाभ अपने निवेशकों को देता है. यह एक तरह का इंडेक्स फंड ही होता है. पैसिव फंडों में, फंड मैनेजर सक्रिय रूप से यह नहीं चुनता है कि स्टॉक क्या फंड बनायेंगे. यह एक कारण है कि पैसिव फंड में एक्टिव फंडों की तुलना में निवेश करना आसान है. पैसिव फंड में रिटर्न बाजार के अनुरूप ही होता है. जब इंडेक्स बढ़ता है तो फंड में रिटर्न भी बढ़िया मिलता है. लंबी अवधि के लिए किया गया निवेश काफी फायदेमंद साबित होता है.

कुछ पैसिव फंड के पिछले परफॉर्मेंस (रिटर्न)

फंड का नाम	एयूएम (रुपये में)	एक साल	3 साल	5 साल
निपॉन इंडिया इंडेक्स फंड - सेंसेक्स प्लान	201 करोड़	40.5%	20.7%	18%
एलआइसी एमएफ इंडेक्स फंड सेंसेक्स	43 करोड़	39.7%	20.4%	17.6%
आइसीआइसीआइ प्रू निफ्टी इंडेक्स फंड ग्रोथ	2,162 करोड़	43.4%	20.6%	17.3%
यूटीआइ निफ्टी इंडेक्स फंड ग्रोथ	5,219 करोड़	43.9%	21%	17.9%
फ्रैंकलिन इंउयिा इंडेक्स फंड निफ्टी प्लान ग्रोथ	471 करोड़	42.5%	19.9%	16.8%

होता है किफायती

ये फंड कम लागत वाले फंड हैं क्योंकि स्टॉक का चयन करने और शोध में कोई लागत शामिल नहीं होता है. इसलिए इनकी मैनेजमेंट फीस भी कम होती है. लंबी अवधि के निवेशकों के लिए लागत मायने रखती है. पैसिव फंड का एक्सपेंस रेशियो सबसे कम है.

फंड मैनेजर की सीमित भूमिका

एक्टिव फंड्स में फंड मैनेजर फैसला करता है कि पैसा किन-किन सेक्टर के किन-किन शेयरों में लगाया जाये. वहीं, पैसिव फंड्स इंडेक्सों (सूचकांकों), मसलन सेंसेक्स की 30 कंपनियों या निफ्टी की 50 कंपनियों में उनके वेटेज के अनुपात में निवेश करते हैं. ऐसे में पैसिव फंड्स में फंड मैनेजर की भूमिका बहुत सीमित हो जाती है.

ऐसे निवेशकों के लिए बढ़िया विकल्प

आज के दौर में व्यस्तता बढ़ गयी है. ऐसे में पैसिव फंड उन निवेशकों के लिए बेहतर माना जाता है जिनके पास बाजार को अच्छे से ट्रैक करने का समय नहीं होता है. और वे ज्यादा अध्ययन या रिसर्च नहीं कर पाते. पैसिव फंड में निवेश के लिए रिसर्च की जरूरत नहीं होती है. पहली बार निवेश करनेवालों के लिए यह एक बेहतर विकल्प है.

जरूरी जानकारी

रिटायरमेंट प्लानिंग की इन सामान्य गलतियों से बचें

प्रवीण मुरारका
निदेशक, पूनम सिक्योरिटीज

हरेक के जीवन में जब काम करने का दौर खत्म होता है और रिटायरमेंट आती है. रिटायमेंट के बाद भी आप अपनी जरूरतें व खर्च पहले की तरह करते रहें, इसके लिए जरूरी है इसकी सही तरीके से प्लानिंग करना, लेकिन इसमें चूक हो जाती है. अगर रिटायरमेंट प्लानिंग के लिए इन सामान्य गलतियों को नजरअंदान न करें, तो आप एक बेहतर रिटायरमेंट जीवन प्राप्त कर सकते हैं.

देर से शुरू करना : जल्दी बचत शुरू करना चाहिए वह कितना भी छोटा क्यों न हो, क्योंकि यही छोटा निवेश कई वर्षों के चक्रवृद्धि ब्याज की वजह से लंबे समय में एक बड़ा रिटायरमेंट फंड बनाने में सफल होता है.

गैर-वित्तीय संपत्तियों में भारी निवेश : अचल संपत्ति और सोने जैसी गैर-वित्तीय संपत्तियों में भारी निवेश से बचना चाहिए. हम भारतीय बड़े पैमाने पर ऐसी संपत्तियों में निवेश करते हैं जिनसे हम भावनात्मक रूप से जुड़े होते हैं. कहा जाता है कि भारतीय गरीबी का जीवन जीते हैं लेकिन मरने के बाद अमीर कहलाते हैं, क्योंकि इन संपत्तियों को लिक्विडेट नहीं करते. उनके बाद बच्चे अपने कार्य में इतने व्यस्त हो जाते हैं कि वे इन संपत्तियों को बनाये नहीं रख पाते.

टर्म प्लान की उपेक्षा करना : हम सभी जानते हैं कि जीवन अनिश्चित है. आपकी अनुपस्थिति में आपके जीवनसाथी या परिवार के आश्रित सदस्यों की वित्तीय सुरक्षा को सबसे पहले सोचना चाहिए. इसके लिए टर्म प्लान सबसे अच्छा माध्यम है जिसके जरिये आप पर्याप्त मात्रा में कवरेज ले सकते हैं. इसे जीवन में जल्दी लें, जब प्रीमियम कम हो.

हेल्थ इंश्योरेंश को नजरअंदाज करना : मेडिकल इमरजेंसी आपकी रिटायरमेंट प्लानिंग को नुकसान पहुंचा सकती है. इसलिए एक मेडिकल पॉलिसी जरूर लें.

निवेश के लिए बीमा का चयन : बीमा के महत्व को कभी कम नहीं आंका जा सकता, लेकिन इसे अपने निवेश पोर्टफोलियो का हिस्सा न बनाएं. इसे एक खर्च के रूप में समझें. निवेश पर रिटर्न पाने के लिए बीमा विकल्प सही नहीं.

मुद्रास्फीति को ध्यान में नहीं रखना : रिटायरमेंट प्लानिंग के समय इस बात का विशेषकर ध्यान रखना चाहिए कि आपका मासिक खर्च अगले 25 वर्षों में पांच गुना बढ़ जायेगा.

घर के लिए देर से योजना बनाना : अगर आप अपने सपनों का घर चाहते हैं और इसके लिए होम लोन लेने की योजना बना रहे हैं, तो सुनिश्चित करें कि आप रिटायर होने से पहले इएमआइ को अच्छी तरह से पूरा कर लें.

बच्चों पर निर्भर होना : यह एक कठिन दुनिया है. बच्चों की अपनी प्रतिबद्धताएं हो सकती हैं. आपकी जिम्मेदारी को आसानी से निभाना उनके लिए संभव हो भी सकता है और नहीं भी. शायद उनके ससुराल वालों को भी उनके सपोर्ट की जरूरत होगी. इसलिए बोझ मत बनें.

मित्र-रिश्तेदार की रिटायरमेंट प्लानिंग की नकल करना : समय बदलता रहता है. इसलिए प्रोडक्ट से जुड़े रिटर्न और जोखिम भी बदलते रहते हैं. आपके पिता या मित्र के लिए जो काम करता है वह आपके काम भी आये, यह जरूरी नहीं. अपनी सेवानिवृत्ति की योजना बनायें, किसी उत्पाद में निवेश करते समय तरलता, कर दक्षता, रिटर्न और विभिन्न उपकरणों से जुड़े जोखिम पर ध्यान दें. यदि समझ में नहीं आ रहा, तो किसी जानकार व्यक्ति से सहायता लें.

नियमित आय सुनिश्चित नहीं करना : इस तरह से निवेश करें, जिससे यह सुनिश्चित हो कि आपको कम से कम अपने मासिक खर्चों को कवर करने के लिए नियमित आय प्राप्त हो.

आप अपने सवाल, अपनी प्रतिक्रिया और अपने सुझाव हमें हमारे इस पते पर भेज सकते हैं :
कल्पवृक्ष, सेंट्रल डेस्क
प्रभात खबर, 15 पी कोकर इंडस्ट्रियल एरिया, रांची, 834001, फैक्स 0651-2544006,
Email-centraldesk.ran@prabhatkhabar.in

राशिफल

डॉ एनके बेरा

मेष नौकरी में आपसी मतभेद दूर होंगे. नया पद और अधिकार प्राप्त होगा, मगर आपको आसपास के लोगों से कष्ट बना रहेगा. व्यापार-व्यवसाय में उन्नति होगी. आमदनी के स्रोत बढ़ेंगे.

वृष आपके सोचे कामों में व्यवधान आयेंगे. जहां तक संभव हो, इस समय पेंचीदे मामलों में न पड़ें. व्यवहार दक्षता अधिक रखनी होगी. आपकी परिस्थिति का दूसरे फायदा उठायेंगे.

मिथुन आज का दिन काफी शुभ फलदायी है. व्यापार-व्यवसाय में उन्नति होगी. कामकाज अच्छा चलेगा. आमदनी बढ़ेगी. कर्ज की स्थिति में सुधार होगी. स्वास्थ्य ठीक रहेगा.

कर्क ग्रहयोग आज आपके पक्ष में नहीं है. परिश्रम के बावजूद स्थिति मनमाफिक नहीं रहेगी. मानसिक चिंता रहेगी. भाई-बहनों अथवा मित्रों वर्ग से कष्ट होगा.

सिंह किसी समस्या में उलझना पड़ सकता है. नौकरी में स्थानांतरण अथवा अधिकारियों के साथ मतभेद होने की संभावना. जोखिम के काम सावधानी से करें. आर्थिक परेशानी होगी.

कन्या रोजगार-व्यापार के कार्य तेजी से चलेगा व आपकी प्रगति होगी. मकान, प्रॉपर्टी, नये व्यापार-धंधे में सफलता मिलने की योग है. परिवार में विवाहादि शुभ कार्य का योग बनेगा.

तुला ग्रहयोग अनुकूल है. आपकी स्थिति सुधरेगी. पारिवारिक वातावरण मनमाफिक रहेगा. अनायास काम बनेंगे. वाद-विवाद, कोर्ट-कचहरी संबंधी मामलों में सफलता मिलेगी.

वृश्चिक आर्थिक स्थिति अच्छी रहेगी. नये आमदनी के स्रोत मिलेंगे. कामकाज समय पर होंगे. व्यापार-व्यवसाय अच्छा चलेगा. संतान सुख. पारिवारिक वातावरण शांतिपूर्ण रहेगा.

धनु कठोर परिश्रम से महत्वपूर्ण कामों में सफलता मिलेगी. आपकी मानसिक स्थिति ठीक रहेगी. पारिवारिक समस्याओं का निवारण होगा.

मकर व्यापारिक योजनाएं लाभप्रद सिद्ध होंगी. गुप्त शत्रुओं से,विरोधियों से विजय मिलेगा. शरीर स्वास्थ्य अच्छा रहेगा. संतान पक्ष से हर्षदायक समाचारों की प्राप्ति होगी.

कुंभ स्वयं के विचार व स्थिति के अनुसार काम करें. व्यवसाय में सामान्य लाभ होगा. नौकरी में अधिकारी संतोष दर्शायेंगे. पारिवारिक मामलों में रिश्तेदारों मित्रों से सावधानी से लेनदेन करें.

मीन स्वास्थ्य का ध्यान रखें. वैसे आज अन्य मानसिक तकलीफें भी रहेगी. पारिवारिक स्थिति कष्टप्रद बनेगी. मित्रों का सहयोग कम मिलेगा. वाहन आदि का प्रयोग सावधानी से करें.

शब्दपहेली 1546



बायें से दायें

1. दांत के पीछे नये दांत का निकलना (5)
3. सलाम-नमस्ते की नायिका (2,2)
6. ....-तौल (2)
8. माथे पर पहनने का एक आभूषण (4)
10. माथा, मस्तक (3)
11. फिल्म 'गैंगस्टर' और 'वो लम्हे' में ..... रानावत का प्रभावशाली अभिनय किया है (3)
12. खून का रंग ... होता है (2)
13. डिजिट का हिंदी पर्याय (2)
14. खोज, चाह (3)
15. धब्बा, दाग (3)
18. करमचंद गांधी की बहू (4)
19. अनेक, मां के पिता (2)
21. तीर रखने का चोंगा (4)
22. चिड़ियों का चहकना (5)

ऊपर से नीचे

1. प्रवीणता, दक्षता (4)
2. वृक्ष के दो भाग होते हैं- जड़ और ...(2)
4. तिल और चीनी से बनी एक तरह की मिठाई (4)
5. बहाना (5)
7. शुरुआत (3)
9. सुई से बेलबूटे बनाना, चित्रकारी करना (3)
11. अज्ञातवास में युधिष्ठिर का नाम था ...(2)
12. पार्थिव भारीर (2)
13. गणित की एक षाखा (5)
14. थोड़ा, कम (3)
15. कामचोर, आलसी (4)
16. फिल्म 'टशन' में हैं सैफ और ...(3)
17. छुटकारा या मुक्ति देना (4)
20. डांस (2)

शब्दपहेली उत्तर



सुडोकू नवताल

पहेली नंबर 4934

		5			3			
	2			9	5			
9						6		
			9				3	5
	6						7	
4	8				1		6	2
		7						3
			2	4			9	
			8			2		

Jagrutidaur.com, Bangalore

सुडोकू नवताल - 4933 का हल

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

2	7	6	4	9	5	8	1	3
5	8	1	7	2	3	9	6	4
9	3	4	8	1	6	2	5	7
6	5	9	2	4	8	3	7	1
8	4	7	9	3	1	6	2	5
1	2	3	5	6	7	4	9	8
3	6	5	1	8	2	7	4	9
7	9	2	3	5	4	1	8	6
4	1	8	6	7	9	5	3	2